हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 6 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम ??.? डिग्री
न्यूनतम ?.? डिग्री

11 अपराधियों पर कसा पुलिस का शिकंजा, एक माह में 270 सलाखों के पीछे



12 अटल भूजल योजना में गोलमाल, कागजों में बना दिए जोहड़, रिचार्ज बोरवेल की राशि भी डकार गए



## निष्पादन टेंडर की फाइल भी हेडक्वार्टर में अटकी, नहीं मिल पा रहा डंपिंग यार्ड को एनवायमेंट क्लियरेंस

# कचरा निष्पादन के नाम पर बड़ा घोटाला, प्रोसेसिंग की जगह पहुंचा डंपिंग यार्ड, तीन लाख टन का ढेर बना

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

घोटालों के मामले में चर्चित रही नगर परिषद में कचरा निष्पादन के नाम भी बड़ी साफगोई से घोटाला हो गया। ठेकेदार को कचरा कलेक्शन के साथ प्रोसेसिंग का भी ठेका दिया गया था, परंतु इस कचरे को निष्पादित करने की बजाय रामसिंहपुरा डंपिंग यार्ड पहुंचाने का काम किया गया। अब रामसिंहपुरा डंपिंग यार्ड में लगभग 3 लाख टन कचरा एकत्रित हो चुका है। ग्राउंड खाली नहीं होने से एनवायरमेंट क्लियरेंस सर्टिफिकेट का मामला भी अधर में लटक गया है। नगर परिषद की ओर से एक फर्म को डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का ठेका दिया था। ठेके की शर्तों के अनुसार कचरे का निष्पादन भी ठेकेदार को ही करना था। इसके लिए सहारनवास के निकट एक प्रोसेसिंग प्लांट भी लगाया गया, परंतु यह प्लांट ज्यादातर समय कागजों में ही चलता रहा। इस जगह पर महज एक मशीन और जनरेटर सेट लगाए गए, जिनकी निष्पादन क्षमता भी काफी कम बताई जा रही है। ठेकेदार ने रातों-रात यहां से कचरा उठाकर दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे के पास बने डंपिंग यार्ड में डालना शुरू कर दिया। डंपिंग यार्ड में कचरा निष्पादित करने का ठेका पूर्व में एक कंपनी ने लिया हुआ था। ठेका खत्म होने के बाद कंपनी डंपिंग यार्ड में लगभग 60 हजार टन कचरा छोड़कर गई थी। अब इस यार्ड में कचरा बढ़कर 3 लाख टन के आसपास पहुंच चुका है। यार्ड में कचरा का अंबार लगा होने के कारण एनवायरमेंट क्लियरेंस सर्टिफिकेट का मामला भी अधर में लटका हुआ है, जबकि इसके लिए एनजीटी की ओर से अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। कचरा निस्तारण के नाम पर बड़ा घोटाला हो गया, परंतु नगर परिषद के अधिकारियों ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए।





रेवाड़ी। रामसिंहपुरा में बनाया हुआ डंपिंग यार्ड, डंपिंग यार्ड में बना कचरे का पहाड़। फोटो :हरिभूमि

### बड़ा प्लांट लगाने का मामला अधर में

रामसिंहपुरा डंपिंग यार्ड में कचरा निस्तारण के लिए बड़ा प्रोजेक्ट लगाने के लिए स्टेट एनवायरमेंट एप्रेजल कमेटी से क्लियरलेंस सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य होता है। अभी तक प्रदेश करनाल, गुरूग्राम, कैथल और फतेहाबाद जिलों को ही यह सर्टिफिकेट मिले हुए हैं। नगर परिषद की ओर से डंपिंग यार्ड पर बड़ा प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी दो साल पहले शुरू की गई थी। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले यह सर्टिफिकेट हासिल करना जरूरी होता है। सर्टिफिकेट मिलने के बाद डंपिंग यार्ड में इस तरह का सेटअप लगाया जाना है, जो पूरी तरह पर्यावरण फ्रेंडली होगा।

### बारिश के कारण आ रही बाधा

रामसिंहपुरा में कचरा निष्पादित करने की प्रक्रिया बारिश के कारण रुकी हुई है। बरसात थमने के बाद निष्पादन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कचरा निष्पादन का टेंडर छोड़ने के लिए प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भी भेजा हुआ है, जिस पर अनुमति मिलने के बाद नए सिरे से ठेका दिया जाएगा।

-मंजीत सिंह दहिया, एक्सईएन, नप।

### दर्जनों गांवों के लोगों के लिए खतरा

डंपिंग यार्ड इस समय रामसिंपुरा व आसपास के लगभग एक दर्जन गांवों के लोगों के लिए नासूर बना हुआ है। इस यार्ड में गुरूग्राम के मानेसर नगर निगम का कचरा भी डाला जा रहा है। निस्तारण करने वाली कंपनी के टेंडर का समय पूरा हो जाने के कारण कचरा निस्तारण नहीं हो पा रहा है। नेशनल हाइवे से निकलने वाले वाहन चालकों को भी दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। कचरा लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे इन गांवों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण लगातार यहां कचरा डालने का विरोध करते रहे हैं।

### डंपिंग यार्ड को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा

ठेकेदार की ओर से भारी मात्रा में सहारनवास में निष्पादित करने की बजाय कचरा रामसिंहपुरा पहुंचा दिया गया। इससे यहां कचरा बढ़ता चला गया। इस समय तीन लाख टन से ज्यादा कचरा मौजूद है। निष्पादित करने के लिए एक मशीन भी लगी हुई है, परंतु यह कार्य फिलहाल ठप पड़ा हुआ है। बड़े प्लांट में व्यवस्था की जाएगी। कचरे से खाद बनाने का संयत्र भी स्थापित किया जाएगा। डंपिंग यार्ड व आसपास के एरिया में पौधे लगाकर वातावरण को हरा-भरा बनाया जाएगा। क्लियरेंस सर्टिफिकेट के बाद डंपिंग यार्ड को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र निवासी एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच मीडिएशन के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। महिला ने दहेज के लिए मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 22 मई को केस दर्ज किया था। इस मामले में गुरूग्राम के नया गांव निवासी दीपक भड़ाना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**बावल।** कसोला पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। कसोला चौक के निकट हुए सड़क हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया था। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने 9 जुलाई को केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के सैदपुर गांव निवासी केशव कौशिक को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### देहलावास गुलाबपुरा में मेला कल

**नांगल मूंदी।** गांव देहलावास गुलाबपुरा में 7अगस्त को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा धर्मदेव के मंदिर परिसर में मेला, भंडारा, वॉलीवाल प्रतियोगिता और रागनी कम्पीटिशन होगा। मेला प्रबंधन कमेटी के अनुसार इस मौके पर मुख्य कलाकार अमित चौधरी, छम्मा तिवारी, आरती भूरिया, मंजू यादव डांसर की और से बाबा धर्मदेव का भजनों से गुणगान करेंगे। उन्होंने आसपास के गांवों के लोगों से मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

**खोरी।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा करने के लिए 6 अगस्त को पाली गोठड़ा पावर सब स्टेशन में जीसीआरएफ की बैठक आयोजित की जाएगी। निगम के एसडीओ ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता अर्ध शहरी सब डिविजन के एक्सईएन करेंगे। बैठक में सब डिविजन के अधीन आने वाले बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही समाधान कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की है।

### वाहन की टक्कर से महिला घायल

**रेवाड़ी।** नया गांव के निकट किसी वाहन की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के पति विरेंद्र ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी मधु को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस ने केस दर्ज करने बाद वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### टूटी सड़क की रिपेयर कराने की मांग

**रेवाड़ी।** चांदूवास गांव के पास टूटी सड़क से हादसों की आशंका बनी हुई है। मोहनुपर व आसपास के गांवों के लोगों ने बताया कि इन गांवों के लिंक रोड टूटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बारिश होते ही सड़कों के गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे हादसों का डर बना रहता है। दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में एकत्रित पानी के कारण गिरकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। इनमें कई सड़कें मार्केटिंग बोर्ड की हैं, जिनकी हालत बदहाल बन चुकी है। ग्रामीणों ने इन सड़कों की तुरंत मरम्मत कराने की मांग की है।

# ट्रक की टक्कर से टाटा मैजिक हुई अनियंत्रित चपेट में आने से महिला की मौत

■ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर मंगलवार सुबह ट्रक की टक्कर से टाटा मैजिक गाड़ी अनियंत्रित होकर नाले में धंस गई। गाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हादसे में टाटा मैजिक का चालक भी घायल हो गया। मालपुरा के निकट एक टाटा मैजिक गाड़ी सामान लेकर शहर की ओर आ रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टाटा मैजिक को पीछे से टक्कर मार दी। गाड़ी का टक्कर लगने के बाद संतुलन बिगड़ गया। इसी दौरान सड़क पार कर रही एक महिला टाटा मैजिक की चपेट में आ गई। मैजिक गाड़ी हाइवे के नाले में जाकर धंस गई। उसका चालक भी घायल हो गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मूल रूप से यूपी की रहने वाली थी, जो इस समय गुर्जर घटाल में किराए के मकान में रह रही थी। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



धारूहेड़ा। अनियंत्रित होकर नाले में गिरी टाटा मैजिक गाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### हादसे के बाद लगा सड़क पर जाम

ट्रक की टक्कर लगने के बाद टाटा मैजिक नाले में धंस गई। इससे नेशनल हाइवे पर यातायात अवरुद्ध हो गया। काफी देर तक जाम जैसे हालात बने रहे। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को बाहर निकलवाया। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी।

# कालूवास सीमा में चली डीटीपी की जेसीबी अवैध निर्माण गिराने की हुई कार्रवाई

■ अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कालूवास की राजस्व सीमा में बिना अनुमति निर्माण करने पर डीटीपी की टीम ने मंगलवार को तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इससे अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की टीम मंगलवार को कालूवास राजस्व सीमा में पुलिस बल और जेसीबी मशीन के साथ पहुंची। वहां लगभग 4 एकड़ भूमि पर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। टीम ने इस जमीन पर बनी 7 डीपीसी और 5 प्रिकस्ट चारदीवारी को जमींदोज कर दिया। पुलिसबल की मौजूदगी के कारण वहां उपस्थित लोगों ने कार्रवाई का कोई विरोध नहीं किया। डीलरों और कॉलोनाइजरों में इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया। डीटीपी मंदीप सिहाग ने लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि वह अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। इससे उन्हें दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसमें किसी तरह की छूट नहीं दी जा सकती।



रेवाड़ी। कालूवास में अस्थाई दीवार तोड़ती जेसीबी मशीन। फोटो :हरिभूमि

### पीजीआई में दाखिल व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत 30 जुलाई को रेलवे स्टेशन पर बीमारावस्था में मिले करीब 65 वर्षीय व्यक्ति की रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। एक व्यक्ति की स्टेशन पर तबियत खराब हो गई थी। उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया था, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया था।

उसने पीजीआई में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान चरखी दादरी के झांसवा निवासी हरिकिशन जाखड़ के रूप में हुई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# महिला कॉलेज में दाखिलों की प्रक्रिया अब 15 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

■ निर्धारित तिथि तक आनलाइन आवेदन और आनलाइन फीस जमा करना शुरू करें

कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर में यूजी और पीजी कोर्सों की आनलाइन रजिस्ट्रेशन और दाखिला प्रक्रिया को 15 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दाखिला लेने की इच्छुक छात्राओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि तक आनलाइन आवेदन और आनलाइन फीस जमा करना शुरू कर दें। निदेशक डा यशपाल शर्मा ने कहा कि रीजनल सेंटर के यूजी और पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए छात्राओं को सबसे पहले सभी जरूरी दस्तावेज के साथ आनलाइन रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। छात्राओं के प्रमाणपत्रों की जांच करने के बाद आनलाइन दाखिला फीस जमा होगी। बिना आनलाइन रजिस्ट्रेशन के किसी भी कोर्स में दाखिला नहीं हो पायेगा। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ एससी बीसी की छात्राओं के लिए स्कालरशिप का प्रावधान है जिसके के लिए छात्राओं को अपना नवीनतम आय सर्टिफिकेट देना होगा। छात्राएं अपने सभी जरूरी दस्तावेज बनवा ले तथा अधिक जानकारी के लिए रीजनल सेंटर में सम्पर्क करें। उनके लिए हेल्प डेस्क सुविधा उपलब्ध है।

### पीओएस के तहत ले सकते हैं दो लीटर तक तेल

**रेवाड़ी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सरसों तेल के वितरण संबंधी नए निदेर्शानुसार अब उपभोक्ता एक या दो लीटर सरसों का तेल ले सकते हैं।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक डा.अशोक कुमार ने बताया कि पीओएस मशीन के माध्यम से अब लाभार्थी एक लीटर या दो लीटर सरसों तेल ले सकते हैं, जिसमें एक लीटर तेल लेने पर 30 रुपए प्रति लीटर देय होगा, बाद में अतिरिक्त तेल नहीं दिया जाएगा। दो लीटर तेल लेने पर 100 रुपए का कुल शुल्क देय होगा। उन्होंने बताया कि एक या दो लीटर विकल्प पीओएस मशीन में दर्ज करना अनिवार्य है।

# सीएम फ्लाइंग की अवैध अहाते पर रेड

## संचालक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सीएम फ्लाइंग ने गत सोमवार सायं कोसली में अवैध रूप से अहाता चला रहे एक संचालक को गिरफ्तार किया है। फ्लाइंग ने मौके से शराब की बोतलें भी बरामद की हैं, जिन्हें बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि कोसली निवासी उदयसिंह अवैध रूप से अहाता चलाकर लोगों को शराब पिलाता है। इस सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग मौके पर पहुंची तो वहां बैठकर शराब पी रहे लोग निकल गए। सीएम फ्लाइंग ने मौके से कई शराब की खुली बोतलें और शराब पिलाने का सामान बरामद किया। आरोपी को सीएम फ्लाइंग ने माके पर ही काबू करते हुए कोसली पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## एक सप्ताह तक मौसम में बदलाव नहीं, हल्की बूंदाबांदी की जताई संभावना

# बूंदाबांदी तक सिमट रहे बादल, उमस भरी गर्मी से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अगस्त माह शुरू होते ही झमाझम बारिश ने भारी गर्मी से जो राहत दिलाई थी, पहले पांच दिन में वह चूर हो चुकी है। आसमान में बादल छाते तो हैं, परंतु बिना बरसे ही लौट जाते हैं। इससे वातावरण में नमी उमस का कारण बन रही है। सड़ी हुई चिपचिपाहट भरी गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। एक सप्ताह तक मौसम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। तीन दिन से आसमान में लगातार बादल छा रहे हैं। हल्की फुहारें गिरने के बाद सिर्फ बादल ही नजर आते हैं। तीन दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई है। बूंदाबांदी लगभग हर दिन हो रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 0.3 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री गिरकर 22.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 75 फीसदी तक रहा, जबकि 12 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। हवा में नमी ज्यादा होने के कारण वातावरण चिपचिपा बना हुआ है। दोपहर के समय आंशिक बादल छंटने के बाद मामूली धूप के दर्शन हुए, जिसके बाद उमस ने लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए। शाम तक लोग सड़ी हुई गर्मी का सामना करते रहे। नमीयुक्त गर्मी के कारण कूलरों की हवा भी राहत नहीं दे रही है। गर्मी के कारण लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह के अंत तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। दो-तीन दिन के अंदर हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव लगातार बना रहेगा। मंगलवार को शाम के समय आसमान में छाए गहरे बादलों के कारण बारिश की संभावना बनी हुई थी।



रेवाड़ी। एक किसान के खेत में खड़ी बाजरे की फसल। फोटो :हरिभूमि

### लगातार बादलों से फसलों को खतरा

आसमान में लगातार बादल छाने से फसलों पर रोगों का खतरा बना हुआ है। कृषि विशेषज्ञ डा. दीपक यादव ने बताया कि अभी तक कपास और बाजरा फसलों में रोग के लक्षण देखने को नहीं मिले हैं। कुछ खेतों में पहले बाजरा की फसल में जड़ गलने रोग देखने को मिला था। अब दोनों फसल रोगमुक्त हैं। अगर आसमान में लगातार बादल छाए रहते हैं, तो इससे वातावरण में नमी से कीट फसलों पर हमला कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि किसी भी फसल पर रोग के लक्षण नजर आएं, तो तुरंत अपने क्षेत्र के कृषि विकास अधिकारी से संपर्क करें।

### माजरा गुरदास में कल होगा प्रशासन का रात्रि ठहराव

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 7 अगस्त को जिला के गांव माजरा गुरदास में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों की अनुपालन जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी ढंग से की जा रही है। इसी कड़ी में समाधान शिविर के साथ ही रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरन्तर किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे।




# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

लाइफ Style

# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक


**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान



एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।

# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।




### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल :*** ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंड्स्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

***नई दिल्ली।*** *नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज़ नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंट्स फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## खबर संक्षेप




### कविता गायन में लियानशी ने मारी बाजी

**धारूहेड़ा।** लिटिल मेस्ट्रो जूनियर स्कूल धारूहेड़ा में नर्सरी के विद्यार्थियों के लिए कविता गायन प्रतियोगिता हुई। इसका शुभारंभ सुश्री वर्षा ने किया। कविता गायन में बच्चों ने समाज के सामाजिक मुद्दों पर आधारित कविताएं सुनाई। कविता गायन में जूनियर नर्सरी की छात्रा लियानशी यादव अव्वल रही। अंत में सभी विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। अध्यापिका वर्षा ने कहा कविता बच्चों को पढ़ने का कौशल विकसित करने में मदद करती है। पढ़ने को मजेदार बनाने से लेकर बच्चों को ध्वनि-ध्वनियों के तरीके सिखाए।

### नशा बेचने वालों के खिलाफ पुलिस के एक्शन से हड़कंप

# अपराधियों पर कसा पुलिस का शिकंजा 1 माह में 270 को सलाखों के पीछे पहुंचाया

*एक दर्जन से अधिक लोगों को अवैध हथियारों के साथ काबू किया गया*

जुलाई माह में लापता हुए 68 लोगों को तलाश कर उनके परिवार से मिलाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

पुलिस विभाग की ओर से अपराधियों पर शिकंजा कसने की दिशा में तेजी से प्रयास किया जा रहे हैं। जिला पुलिस ने बीते जुलाई माह में विभिन्न आपराधिक मामलों में लिप्त 270 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया। इनमें से एक दर्जन से अधिक लोग अवैध हथियारों के साथ काबू किए गए हैं। एसपी हेमेंद कुमार मीणा ने बताया कि जिला पुलिस की ओर से जुलाई माह में विशेष अभियान चलाए गए थे। अभियान के तहत विभिन्न आपराधिक मामलों में शामिल लोगों पर एक्शन लिया गया। पुलिस ने विभिन्न वारदातों में संलिप्त आरोपियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बेचने वालों, सट्टा खाईवाली व जुआ खेलने वालों, अवैध हथियारों के शौकिन व ड्रग्स की तस्करी करने वालो पर कड़ा प्रहार किया गया है। अभियान के तहत 4 उद्घोषित/जमानोत्तर अपराधियों को अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने में कामयाबी हासिल की है। 7 अलग अलग मामलों में अवैध हथियारों के शौकीन 13 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके वहीं ड्रग्स की तस्करी करने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ 4 मामले दर्ज किये गये। इन आरोपियों के कब्जे से 17.21 ग्राम गांजा व 2.319 ग्राम स्मैक बरामद की है।

#### शराब बेचने वालों पर चला डंडा

पुलिस ने शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। अलग-अलग थानों में 8 मामले दर्ज किए गए और इन आरोपियों के कब्जे से 221.5 बोतल देशी शराब व 13 बोतल अग्रेजी शराब बरामद की गई है। जुआ एवं सट्टा खाईवाली के 3 मामलों में 6 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10220 रुपये की नकदी बरामद की गई। 3 लाख 35 हजार रुपये से ज्यादा की कीमत की चोरी हुई 5 बाइक, 1 ऑटो व 1 ट्रेक्टर को बरामद किया तथा वारदातों को अंजाम देने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

#### चोरी के मामलों में भी काबू किए आरोपी

एसपी ने बताया कि गृहभेदन एवं चोरी के मामलों में 7 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे करीब 1 लाख रुपये की कीमत के चोरी किए गए सामान को बरामद किया गया है। जुलाई माह में लापता हुए 68 लोगों को तलाश कर उनके परिवार से मिलाया, परिजनों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान। जिसमें 21 नाबालिग लड़के, लड़की व 47 महिला व पुरुष शामिल हैं। लापता लोगों को उनके परिजनों तक पहुंचाने के बाद उन्हें राहत दिलाने का काम किया है।

#### पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

एसपी ने थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज, सीआईए स्टाफ तथा पीओ स्टाफ को विशेष निर्देश दिए हैं कि विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की धर पकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम में आमजन का सहयोग लेकर और तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नल किया जायेगा और इस तरह की सख्त कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

## बव्वा में जलभराव से फसल हुई बर्बाद सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली


कोसली। फसल गिरदावरी के लिए ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य।

बारिश के कारण बव्वा गांव में जलभराव से कई किसानों की फसल बर्बाद हो गई। किसानों ने बव्वा ग्राम विकास समिति के बैनर तले मंगलवार को एसडीएम को ज्ञापन देकर खराब फसलों की विशेष गिरदावरी कराने और किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। समिति के सचिव राजीव सुल्तानिया ने एसडीएम को बताया कि नाहड़ तहसील के दर्जनों गावों में लगातार वर्षा से जलभराव होने से गांव बव्वा में हजारों एकड़ जमीन में किसानों की कपास व बाजरा की फसल नष्ट हो गई है। इससे किसानों का लाखो रुपयों का नुकसान हुआ है। लगातार वर्षा के कारण खेतों में 4-4 फुट पानी जमा हो गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से बव्वा गांव में खराब हुई फसल की स्पेशल गिरदावरी करने की मांग की है, ताकि किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके। एसडीएम विजय कुमार ने कहा कि बव्वा ग्राम विकास समिति ने अत्यधिक बरसात से जल भराव होने से नष्ट हुई फसल की स्पेशल गिरदावरी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

## सामाजिक सरोकार के रूप में मनाया स्थापना दिवस

- सांझरपुर गोशाला में गोसेवा व पौधरोपण करके हर्ष और उल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया

**बावल।** जजपा ने अपनी छात्र इकाई इनसो का 23वां स्थापना दिवस मंगलवार को हरियाणा भर में सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में मनाया। सांझरपुर गोशाला में गोसेवा व पौधरोपण करके हर्ष और उल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रामकुमार केतवाल पूर्व विधायक रादौर व नरेश द्वारका उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक जिला प्रधान विजय पंच और तीनों हल्का के प्रधान मौजूद रहे। शांजहरपुर गोशाला में पहले एक त्रिवेणी और एक बरगद,एक पीपल का पेड़ लगाकर प्रोग्राम की शुरूआत की गई। प्रवक्ता मंगलेश्वर ने बताया इस अवसर पर हल्का प्रधान बावल उपेंद्र सिंह महलावत, हल्का प्रधान रेवाड़ी मनोज सरपंच, हल्का प्रधान कोसली सत्येंद्र बाबा, भूप सिंह रसियावास ,रंजीत नंबरदार, धर्मवीर फोगाट राढौर, पवन धनकोट प्रवक्ता गुरुग्राम, कमल मंगलेश्वर प्रवक्ता रेवाड़ी, भीम सिंह पत्रकार, जगदीश प्राणपुर, सुमन शर्मा ,सत्येंद्र झाबुआ इनसो, ज्योति सांगवान इनसो, सन्नी तातारपुर इनसो,सुभाष चंद्र नंबरदार, कुलदीप करवाल ,राजू चौधरी बावल, विकास नंबरदार शांजहरपुर ,चरण सिंह गुर्जर, विजेंदर सरपंच, अमित , एडवोकेट विक्रम गुरावड़ा, रविंद्र ,राहुल, सुरेश कुमार, राजपाल ,मुंशीराम, सुरेंद्र ,विक्रम, विकास आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## योजनाओं के लाभ के लिए पंजीकरण जरूरी

- सरकार की ओर से मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का किया जा रहा है पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




प्रदेश सरकार की ओर से मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण किया जा रहा है। सरकार द्वारा पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि अब 31 अगस्त कर दी है, ऐसे में जिन किसानों ने अभी तक खरीफ फसलों का पंजीकरण नहीं करवाया है, वह 31 अगस्त तक पंजीकरण करवा सकते हैं।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान का पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीकृत किसान से ही केवल फसल खरीदी जाएगी। ऐसे में किसान को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने व फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर बेचने के लिए जरूरी है कि जिला के किसान पोर्टल पर अपनी बोई गई खरीफ फसल का ब्यौरा दर्ज करा उसका पंजीकरण अवश्य करवाएं। किसान की ओर से पोर्टल पर दर्शाई गई फसल का भौतिक सत्यापन भी करवाया जाएगा। किसानों का ब्योरा आने के बाद उन्हें मंडी में बुलाना आसान हो जाता है।

#### पीपीपी होना अनिवार्य

कृषि विभाग के उप निदेशक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि फसलों का पंजीकरण करवाने के लिए संबंधित किसान के पास परिवार पहचान पत्र का होना अनिवार्य है। किसान कोई जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-2117 पर संपर्क कर सकते हैं। फसलों का पंजीकरण सीधे पोर्टल पर किया जा सकता है।

### जड़ी-बूटी के रूप में मनाया आचार्य का जन्मदिन


**रेवाड़ी।** कोसली की पतंजलि योग समिति ने आचार्य बालकृष्ण का जन्म जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर तहसील प्रभारी राजेश बाई व पतंजलि के कार्यकतार्ओं द्वारा पौधारोपण के साथ साथ औषधीय पौधों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य योग शिक्षक प्रहलाद सिंह, सुरेश कुमार, सुभाष चंद्र, रामनिवास, ईश्वर सिंह, देवेंद्र, विनय यादव, दयानंद आर्य, सुनीता, अनीता, कुसुम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक बढ़ा

- मतदाता सूची लोकतंत्र की होती है आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग के अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को समुचित सम्मान देने और उनके परिश्रम का उचित प्रतिफल सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बूथ लेवल अधिकारियों के वार्षिक पारिश्रमिक को दोगुना किया गया है।

हरियाणा निर्वाचन आयोग के प्रोत्साहन की जानकारी देते हुए डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला होती है। इसकी शुद्धता सुनिश्चित करने में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ पर्यवेक्षक और बूथ लेवल अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओज के वार्षिक पारिश्रमिक को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये व बीएलओज की प्रोत्साहन राशि को 2 हजार रुपये कर दिया गया।

#### दूसरे अधिकारियों को भी मिलेगा लाभ


डीसी अभिषेक मीणा।

उन्होंने बताया कि पहली बार आयोग ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के लिए भी मानदेय निर्धारित किया है, जिसमें ईआरओज को 30 हजार रुपये तथा एईआरओज को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। यह संशोधन वर्ष 2015 के बाद पहली बार किया गया है। यह निर्णय निर्वाचन आयोग की उन चुनाव कर्मियों को पर्याप्त मुआवजा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो सटीक मतदाता सूची बनाए रखने, मतदाताओं की सहायता करने और चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए क्षेत्र स्तर पर अथक परिश्रम करते हैं।

### श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मनाई पुत्रदा एकादशी

**रेवाड़ी।** श्रद्धालुओं ने मंगलवार को पोष पुत्रदा एकादशी का व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना की। महिला श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भजन-कीर्तन का आयोजन कर भगवान विष्णु की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना भी की।

श्रद्धालुओं ने एकादशी का व्रत रखकर भजन-कीर्तन किया। कहा जाता है कि एकादशी का व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को जीवनभर सुख की प्राप्ति होती है और जीवन उपरांत मोक्ष मिलता है। धन आरोग्य की प्राप्ति भी होती है। मनोरोग जैसी समस्याएं भी इससे दूर होती हैं।

### कर्मचारी ने दिया ईमानदारी का परिचय कुलसचिव ने किया सम्मानित


**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में चपरासी के पद पर कार्यरत कर्मचारी विनोद कुमार को विश्वविद्यालय परिसर के पार्क में रूपयों से भरा पर्स मिला जिस पर उसने ईमानदारी का परिचय देते हुए उसे विश्वविद्यालय के गणित विभाग कार्यालय में जमा कर दिया ताकि वह उसके मालिक तक पहुंच सके। उनकी इस ईमानदारी से प्रभावित होकर और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज के समय जब ईमानदारी जैसे मूल्य घटते जा रहे हैं वहां इस प्रकार की जिम्मेदारी का परिचय देना अपने आप में प्रशंसनीय है और इसके लिए सम्मान मिलना ही चाहिए ताकि दूसरे लोग भी ईमानदारी पूर्ण व्यवहार के लिए प्रेरित हो सके। विनोद कुमार विश्वविद्यालय के गणित विभाग में चपरासी पद पर कार्यरत है।

## नशे के खिलाफ आमजन करे सहयोग:रामपाल

- नशा मुक्त टीम ने गवर्नमेंट स्कूल गांव काठूवास, गांव चिरहाडा पातूहेड़ा, जलालपुर का दौरा करके छात्रों और आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। नशे के खिलाफ विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

नशे के खिलाफ अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है। नशे के खिलाफ एक युद्ध चलाया हुआ है, जिसमें आमजन का सहयोग जरूरी है। मंगलवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गवर्नमेंट स्कूल गांव काठूवास, पातूहेड़ा, जलालपुर व गांव चिरहाडा दौरा करके स्टूडेंट्स/आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा नशा ना करने की शपथ भी दिलवाई गई। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है।

#### नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें परिजन

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित स्टूडेंट्स से कहा कि नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करें। अगर किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले में नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाकर नशे के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि इस अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके।

## घोष की बरसी पर फहराया लाल झंडा

- कॉमरेड शिवदास की 49 वीं बरसी पर पार्टी के जिला कार्यालय में मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। का. शिवदास घोष को श्रद्धांजलि देते कम्युनिस्ट। फोटो : हरिभूमि

एसयूसीआई कम्युनिस्ट के संस्थापक महामंत्री, महान मार्क्सवादी चिन्तनकार कॉमरेड शिवदास घोष की 49 वीं बरसी पर पार्टी के जिला कार्यालय पर लाल झंडा फहराया गया। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कॉमरेड शेरसिंह मीरपुर ने लाल झंडा फहराया व कामरेड शिबदास घोष के फोटो पर माल्यार्पण किया।। इस मौके पर पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड रामकुमार नीमोठ, पार्टी सदस्य व किसान नेता अमर सिंह राजपुरा, धर्मपाल आलियावास, मास्टर बलबीर सिंह धवाना, महेन्द्र सिंह चौहान खोल, औमप्रकाश बहाला, एडवोकेट शेखर यादव आदि अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने कॉमरेड शिवदास घोष की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें क्रांतिकारी सलामी दी। शाम को तीन बजे से सात बजे तक शहर के नेहरू पार्क मे कामरेड शिवदास घोष के विचारों पर आधारित एक कथन प्रर्दशनी लगाई गई जिसमे पार्टी कार्यकतार्ओं सहित शहर के सैकडों नागरिकों ने भाग लिया व सराहना की।

#### 10 को सभा

पार्टी के जिला सचिव कॉमरेड शेरसिंह मीरपुर ने बताया कि कॉमरेड शिवदास घोष की मृत्यु वार्षिकी पर हर साल की तरह इस बार 10 अगस्त को एक प्रदेश स्तरीय स्मृति सभा सोनीपत की जाट धर्मशाला में की जाएगी। इसमें मुख्य वक्ता केंद्रीय कमिटी के सदस्य बिहार से कॉमरेड अरुण कुमार सिंह होंगे। सभा की अध्यक्षता कॉमरेड अनूप सिंह मातनहेल करेंगे।

**मिलेगा इलाज** अब तक सूचीबद्ध अस्पतालों को 2,900 करोड़ रुपये का किया जा चुका है भुगतान

# आयुष्मान भारत योजना का बजट हुआ जारी प्राइवेट अस्पतालों को भुगतान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



हरियाणा की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा है कि राज्य सरकार से 4 अगस्त को बजट प्राप्त हो गया है और तदनुसार, पैनलबद्ध अस्पतालों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत बकाया पैसे का भुगतान शुरू कर दिया गया है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा 28 जुलाई को एक पत्र जारी किया गया था जिसमें आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के बकाया भुगतानों का हवाला देते हुए 7 अगस्त से इस योजना के तहत सेवाओं को रोकने की बात कही गई थी। इस संदर्भ में, एसएचए ने कहा है कि राज्य सरकार की तरफ से कल 4 अगस्त को बजट प्राप्त हो गया है और उसी के अनुसार अब पैनलबद्ध अस्पतालों को नियम के आधार पर भुगतान करना शुरू कर दिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने मई 2025 के पहले सप्ताह तक पैनलबद्ध अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत दावों का निपटान और भुगतान कर दिया है। योजना की शुरूआत से अब तक अस्पतालों को कुल 2,900 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, 16 जुलाई तक राज्य और केंद्र सरकारों से 240.63 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है और पात्र दावों के निपटान के लिए इसका पूर्ण उपयोग किया जा चुका है। एसएचए ने भुगतान में देरी, दावा अस्वीकृति और दावों का प्रसंस्करण न करने संबंधी अस्पतालों द्वारा उठाई गई शिकायतों का संज्ञान भी लिया है। अब तक पैनलबद्ध अस्पतालों की 400 से अधिक शिकायतों को औपचारिक रूप से सीजीआरएमएस 2.0 पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत किया जा चुका है। इस प्लेटफॉर्म का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में अस्पतालों का समर्थन करने के प्रयास में, एसएचए ने अस्पताल प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए हैं।

#### शिकायतों को भी लिया गया संज्ञान में

अस्पतालों के पैनलमेंट और एनएबीएच प्रोत्साहनों के संबंध में, वे सभी अस्पताल जिन्होंने एनएबीएच प्रोत्साहन आवेदन प्रस्तुत किए थे और जिन्हें पूर्ववर्ती एचईएम 1.0 पोर्टल के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त हुआ था, प्रोत्साहन के लिए पात्र बने रहेंगे, बशर्ते उनके एनएबीएच प्रमाणपत्र वैध हो। एनएबीएच प्रोत्साहनों के लिए नए सिरे से आवेदन करने वाले अस्पतालों को एचईएम 2.0 पोर्टल के माध्यम से अद्यतन दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। ऐसे आवेदनों की समीक्षा एबी-एचएचपीए, एसएचए, हरियाणा के कार्यालय द्वारा प्राथमिकता के आधार पर की जाती है।

#### आईएमए से नियमित रूप से संवाद

एसएचए इस बात पर प्रकाश डालना चाहता है कि उनकी चिंताओं के समाधान के लिए आईएमए हरियाणा के साथ नियमित रूप से संवाद बनाए रखा जाता है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा जिला चिकित्सा लेखा परीक्षा समितियों और जिला शिकायत निवारण समितियों में आईएमए का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने वाला पहला राज्य है। इसके अतिरिक्त, राज्य शिकायत निवारण समिति और राज्य इमपैनलमेंट समिति में आईएमए के माध्यम से निजी अस्पतालों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाता है।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री याद राम निवासी नंगल माला (14) महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे नाम से एक खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा ब्रास मार्किट रेवाड़ी में खुला है जिसका खाता नंबर 32846211106 है जिसमें मेरा नाम सुरेन्द्र शर्मा दर्ज है जो कि गलत है, जबकि मेरा वास्तविक नाम मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड अनुसार सुरेन्द्र कुमार है जो सही व दुरूस्त है।

**सूचना**

मैं, जगदीशचन्द्र पुत्र श्री किशोरी लाल निवासी भक्ति नगर, रेवाड़ी, तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मैंने सन 2016 में अपने दोनों पुत्र दिनेश कुमार व उदयपाल व दोनों पुत्रवधुओं सरीता और सपना को अपनी चल व अचल संपति से बेदखल किया था व अखबार पंजाब केसरी हनुमानगढ़ में निकल वाया था। अब इस पंजाब केसरी में अपने दोनों पुत्र व दोनों पुत्रवधुओं की पूर्व में की गई बेदखल की कार्यवाही को निरस्त समझा जाए। अब मैं प्रार्थी अपने दोनों पुत्र दिनेश कुमार व उदयपाल व एक पुत्रवधु सरीता को अपनी सम्पति में अधिकार देता हूं।

खबर संक्षेप



## इनसो ने पौधे लगाकर मनाया स्थापना दिवस

**रेवाड़ी।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन इनसो ने पौधरोपण करके अपना 23वां स्थापना दिवस मनाया। इनसो प्रदेश प्रभारी रवि मसीत ने बताया की इनसो ने प्रत्येक जिले में अलग अलग प्रोग्राम करके स्थापना दिवस मनाया। मनीष शर्मा, दीपक, अजय ,अमनदीप, अभिषेक ,आशीष, जयदीप ,दीपक ,अरुण ,नितिन ,राहुल, प्रदीप, प्रिंस ,सुमित, राकेश, सौरव, संजीव, सचिन, मंजीत युवा साथी उत्साहित रहे।

## शुभम तिवारी बने आदर्श रामलीला के डायरेक्टर

**महेंरगढ़।** शहर की सब्जी मंडी के समीप स्थित श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से प्रधान सुरेंद्र बंटी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कमेटी के प्रधान सुरेंद्र बंटी ने रामलीला में नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया । कार्यकारिणी में डायरेक्टर का पद शुभम तिवारी को सौंपा गया। उप डायरेक्टर कुलदीप सैनी, कलाकार प्रधान नवीन कुमार, उप कलाकार प्रधान राहुल यादव, म्यूजिक डायरेक्टर सतीश सोनी, उप म्यूजिक डायरेक्टर मोहित कुमार, मेकअप मैन के रूप में समर कुमार को जिम्मेदारी दी गई।

### पाली गोठड़ा में योजना के तहत होने थे लाखों रुपये के कार्य

# अटल भूजल योजना में गोलमाल, कागजों में बना दिए जोहड़, रिचार्ज बोरवेल की राशि भी डकार गए

आदर्श शर्मा ⏩ खोरी

राजस्थान की ओर से आने वाले पानी को बांध में रोकने के बाद जोहड़ों में डालने और नाला बनवाने के नाम पर सिंचाई विभाग ने पाली गांव में कई कार्य कागजों में ही पूरे कर दिए। अटल भूजल योजना के तहत लगभग 56 लाख रुपये खर्च किए जाने के दावे किए जा रहे हैं, परंतु जमीनी तौर पर कई कार्य गांव में हुए ही नहीं। ग्रामीणों का दावा है कि योजना के नाम पर खर्च की गई भारी भरकम राशि की जांच कराई जाए, तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। बारिश के सीजन में राजस्थान की ओर से भारी मात्रा में पाली गांव में बरसाती पानी आ जाता है। पानी का बहाव तेज होने पर इससे फसलों को भी नुकसान होता है। गांव में एक बांध बनाया हुआ है, जिसके टूटने की आशंका भी बनी रहती है। सिंचाई विभाग की ओर से गांव में अटल भूजल योजना के तहत पानी निकासी व प्रबंधन की दिशा में लगभग 56 लाख रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया था। इस राशि से गांव में दो जोहड़ों का निर्माण कराया जाना था। वाटर रिचार्ज करने के लिए दो बोरवेल लगाने प्रस्तावित थे। बारिश नहीं होने पर जोहड़ों को नहरी पानी से भरवाने के लिए एक ड्रेन का निर्माण कराना था। ग्रामीणों की मानें तो गांव में विभाग की ओर से कोई जोहड़ या ड्रेन नहीं बनवाए गए। बोरवेल भी नहीं कराए गए, कागजों में विभाग यह कार्य पूरे कर चुका है। सूत्रों के अनुसार इस योजना के तहत जूनियर स्तर के अधिकारी ठेकेदार के साथ मिलकर बड़ा खेल खेल गए, जिसकी भनक उच्चाधिकारियों को अभी तक नहीं लगी है।

- अधिकांश कार्यों को अधिकारियों ने कागजों में निपटाया





रेवाड़ी। पुल की बरसात के कारण टूटी दीवार व पानी निकासी के लिए बनाया कम चौड़ाई का नाला। फोटो : हरिभूमि

### विभाग का जोहड़ खुदवाने का दावा

विभाग गांव में दो जोहड़ बनवाने के दावे कर रहा है, जबकि गांव में ऐसे कोई जोहड़ जमीन पर नजर नहीं आ रहे हैं। जोहड़ों को नहर से जोड़ने के लिए ड्रेन का निर्माण भी कागजों में करा दिया गया है। गांव में ऐसे किसी बोरवेल का निर्माण हुआ ही नहीं, जो वाटर रिचार्ज के लिए बनाया गया हो। ग्रामीणों का दावा है कि अगर इस योजना के तहत खर्च किए गए पैसे की सही जांच होती है, तो इसमें बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।

### नाले की दीवार बारिश से गिरी

गांव के सरपंच सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में पानी निकासी के नालों पर तीन पुलों का निर्माण इसी योजना के तहत कराया गया था। निर्माण में भी अनियमितताएं बरती गईं। बारिश में एक पुल की दीवार टूट गई। पानी निकासी के लिए गांव में पाइप तो आ गए थे, परंतु इन पाइपों को अभी तक जमीन में दबवाया तक नहीं है। उन्होंने बताया कि अटल भूजल योजना के तहत प्रस्तावित कार्यों के बारे में अधिकारियों ने पंचायत प्रतिनिधियों को कोई जानकारी तक देना जरूरी नहीं समझा।

### पाइप नहीं डालने से पानी ओवरफ्लो



राजसिंह



होशियार सिंह



यशपाल।

ग्रामीण राजसिंह, यशपाल, होशियार सिंह आदि बताया कि पानी निकासी के नाले को ओवरफ्लो होने से रोकने के लिए सिंचाई विभाग की ओर से पाइप भिजवाए गए थे। इन पाइपों को आज तक नहीं लगवाया गया है। बरसात आने के बाद नाला ओवरफ्लो होने लगा है। पानी खेतों में जा रहा है, जिससे किसानों की फसल खराब होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने अटल भूजल योजना के तहत हुए कार्यों की जांच कराने की मांग की है।

### कागजों में योजना के सभी कार्य पूरे

अटल भूजल योजना के तहत गांव में जो कार्य कराए गए हैं, ग्रामीण ऑफिस आकर उनका रिकार्ड चेक कर सकते हैं। लगभग 56 लाख की लागत से कार्य हुए हैं। इसमें गोलमाल जैसी कोई बात नहीं है। जो कार्य रिकॉर्ड में दर्शाए गए हैं, उन्हें गांव में कराया भी कराया गया है।

**-दीपक गहलावत,** एक्सईएन, सिंचाई विभाग।

## आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन पर लगाए तुलसी के पौधे

- भारतीय संस्कृति में तुलसी को धार्मिक महत्व के साथ साथ पूजनीय माना जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

पतंजलि योग समिति जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिन तथा जड़ी बूटी दिवस के उपलक्ष्य में तुलसी के पौधे लगाए। भारतीय संस्कृति में तुलसी को धार्मिक महत्व के साथ साथ पूजनीय माना जाता है। आयुर्वेद में तुलसी को उसके औषधीय गुणों के कारण विशेष महत्व दिया जाता है क्योंकि तुलसी ज्यादातर बीमारियों को ठीक करने में काम आती है। इसका उपयोग सर्दी, जुकाम, खांसी, दंत रोग और स्वास्थ्य संबंधी रोगों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। तुलसी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है। तुलसी में विटामिन और खनिज भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। तुलसी का प्रयोग आज के आधुनिक समय में तनाव जो एक बड़ी समस्या बन गई है में भी औषधि के रूप में कार्य करती है। तुलसी की चाय का सेवन भी तनाव कम करने तथा याददाश्त बेहतर करने में प्रयोग किया जाता है। काली मिर्च और तुलसी को पानी में उबालकर काढ़ा बनाकर पीने से बुखार और जुकाम में आराम मिलता है। जुखाम होने पर तुलसी को पानी उबालकर भाप लेने से फायदा होता है। आचार्य बालकृष्ण के अनुसार तुलसी जैसे ओषधीय पौधों के साथ साथ हमारे घर की रसोई में हर बीमारी का इलाज मौजूद है। हमें आयुर्वेद के अनुसार उनके सही इस्तेमाल की जानकारी हासिल कर उनका प्रयोग कर अपने आप को स्वस्थ रखना चाहिए।



रेवाड़ी। तुलसी के पौधे लगाते हुए मुकेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## समारोह में खिलाड़ी किए गए सम्मानित

- खेल नीति पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏩ खोरी

मंगलवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुंडल के प्रांगण में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

खंड खोल की ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग द्वारा अंडर-11 स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च विद्यालय-पुन्सिका में किया गया।

विद्यालय पहुंचने पर सभी टीमों का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्याध्यापक व टीम इंचार्ज सुधीर यादव और शिक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुंडल की खो-खो खेल की लड़के व लड़कियों की दोनों टीमों ने अपना जौहर दिखाते हुए 21वीं बार अपना परचम लहराते हुए खंड स्तर पर /"प्रथम/" स्थान हासिल कर दोनों ट्रॉफी अपने नाम की। वही छात्रा पूजा ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुंडल की अंडर-14 की लड़के व लड़कियों की दोनों टीमों ने भी खंड स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। इन टीमों के इंचार्ज देशराज पीटीआई रहे।



रेवाड़ी। सम्मानित किए गए विजेता खिलाड़ी स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों का उत्साह बढ़ाया

खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर ने सरकार की शिक्षा नीति के साथ-साथ खेल नीति पर भी जोर दिया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इसे महत्वपूर्ण अंग मानना और चारों टीमों को अपना शुभाशीष दिया। खंड खोल की चेयरपर्सन गोमती पंवार ने शुभाशीष देते हुए फल आहार बच्चों को भेंट करवाया। डॉ. रामफल सरपंच और समाजसेवी नीटू चौहान उर्फ जीतपाल चौहान ने भी बच्चों को आहार भेंट किया। एसएमसी प्रधान कोमल व रमेश ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए सभी चुनौतियों को मात देते हुए आगे बढ़ाने को कहा और भविष्य में इससे भी अधिक ऊंचाइयों छूने को कहा।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद स्कूल स्टाफ व अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

## कार्यक्रम में माता पिता के महत्व के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

वीर भगत सिंह युवा दल के तत्वाधान में विद्यार्थियों के लिए संस्कार निर्माण का कार्यक्रम 'ले लो ले लो दुआएं मां बाप की' का आयोजन डॉन बास्को पब्लिक स्कूल पर किया गया।

कार्यक्रम में युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि जब नन्हे बच्चे को भगवान ने धरती पर जाने के लिए कहा तो नन्हा बालक रोने लगा। भगवान ने पूछा रो क्यों रहे हो। नन्हें बालक ने कहा मैं छोटा सा हूं धरती पर मेरी देखभाल कौन करेगा। भगवान ने मुस्कुरा कर कहा नन्हे बालक धरती पर दो फरिश्ते पहले से तेरे स्वागत के लिए तुम्हें मिलेंगे। नन्हे बालक ने संतुष्ट भाव से प्रभु के चरणों में प्रणाम किया। धरती पर प्रत्येक नन्हे बालक के साथ माता-पिता के रूप में दो फरिश्ते सदा रहते हैं। वह दोनों अपने बच्चों की छोटी से छोटी आवश्यकता को पूरा करने में लगे रहते हैं। अब उस नन्हे बालक का कर्तव्य है कि बड़ा होने पर अपने माता-पिता की सेवा करें। माता-पिता की खुशी भी इसी बात में छिपी है कि उनकी संतान जीवन में आगे बढ़ें। माता-पिता को प्रतिदिन चरण स्पर्श करते हुए सभी बच्चे जीवन में बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करें।

### अतिथियों का स्वागत

स्कूल की निर्देशक पिंकी तवर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम अपने स्कूल के बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कारों का भी पूरा ध्यान रखते हैं। हमारे स्कूल के बच्चे खेल, शिक्षा व सांस्कृतिक गतिविधियों में जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रधान दिनेश कपूर ने मेधावी विद्यार्थियों को उपयोगी साहित्य प्रदान किया। युवा दल की ओर से स्कूल को शहीद आजम भगत सिंह, भारत माता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस व महामहिम अब्दुल कलाम आजाद के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में मुख्यतः प्रबंधक पवन चौहान, प्रबंधक हेमंत कुमार, नेहा, रुबीना, पूनम देवी, सिम्मी, कविता, मधुमिता, शिखा, प्रियंका, तनुजा, सुनीता, आशु व दीप्ति ने सहयोग किया।

## ज्ञानदीप स्कूल के छात्र का ब्लॉक टीम में चयन

**रेवाड़ी।** ज्ञानदीप स्कूल मोहनपुर के छात्र जतिन राठी ने अपनी शानदार क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 ब्लॉक क्रिकेट टीम में स्थान हासिल किया है। उनका यह चयन ट्रायल मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कुमारी और खेल प्रशिक्षक अनिल ने जतिन को इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिवार ने जतिन की सफलता पर गर्व व्यक्त किया।



छात्र जतिन राठी

## नांगल मूंदी में मेला व खेल प्रतियोगिता कल, आज रात होगा बाबा का जागरण

- जागरण व भंडारे का आयोजन नांगल निवासी सूबेदार अशोक कुमार के सहयोग से किया जाएग

हरिभूमि न्यूज ⏩ नांगल मूंदी

गांव नांगल मूंदी में प्रत्येक वर्ष की भांति विशाल अखाड़ा खेलकूद प्रतियोगिता व मेले का आयोजन किया जाएगा। कमेटी प्रधान रमेश कुमार व सचिव नरेंद्र कुमार ने बताया की बाबा ताराचंद दास की स्मृति में 6 अगस्त को रात्रि जागरण होगा व 7 अगस्त को भंडारा, खेलकूद प्रतियोगिता व मेले का आयोजन किया जाएगा। जागरण व भंडारे का आयोजन नांगल निवासी सूबेदार अशोक कुमार के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात्रि जागरण में भूपेन्द्र पालिया, राजू गोला तिजारा, मधुर शर्मा भिवानी व पूनम चौधरी रोहतक आदि कलाकार बाबा की स्तुति में अपनी प्रस्तुति देंगे। 7 अगस्त को होने वाले मेले के मुख्यातिथि करनावास निवासी मनोज कुमार रहेंगे, जबकि हरियाणा कैडर की आईपीएस अधिकारी उपासना यादव पुरस्कार वितरित करेंगी। प्रोग्राम की अध्यक्षता राजू कोसलिया नांगल मूंदी करेंगे। खेलो में सर्कल कबड्डी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेता टीम को 61 हजार रुपये व उपविजेता को 41 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा। तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा।



नांगल मूंदी। मेले के लिए सजकर तैयार बाबा भैया का मंदिर। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260



सेमिनार — करीब एक दर्जन सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों के नन्हें वैज्ञानिकों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया

## सीहा स्कूल में हुआ साइंस सेमिनार, बाल वैज्ञानिकों ने दिखाए जौहर, कुंड, सीहा व खोरी के प्रतिभागी विजेता रहे

खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को सक्रिय प्रतिभागिता के लिए बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏩ डहीना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के डा. सीवी रमन साइंस क्लब के तत्वावधान में खंड स्तरीय साइंस सेमिनार के आयोजन में करीब एक दर्जन सरकारी तथा प्राइवेट विद्यालयों के नन्हें वैज्ञानिकों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जिसमें कुंड, सीहा व खोरी के प्रतिभागी विजेता रहे। विद्यालय के प्राचार्य रसायनशास्त्री सत्यवीर नाहड़िया की अध्यक्षता में आयोजित इस सेमिनार में विद्यार्थियों ने 'क्वांटम युग : संभावनाएं एवं चुनौतियां' विषय पर विद्यार्थियों ने बेहद रोचक तथ्य प्रस्तुत किये। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर ने सभी प्रतिभागियों तथा विजेताओं को सक्रिय प्रतिभागिता के लिए बधाई दी।

क्लब के उपाध्यक्ष एवं स्टाफ सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि सेमिनार में करीब तीन दर्जन विद्यार्थियों ने संबंधित विषय पर स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से अपनी प्रभावी अभिव्यक्ति दी। इस सेमिनार में न्यू एरा पब्लिक स्कूल कुंड की छात्रा नयाशा विजेता सीहा व खोरी के सरकारी स्कूलों की छात्राएं दीपिका तथा अनन्या उपविजेता रहीं। वरिष्ठ प्राध्यापक हरीश कुमार तथा निशा कुमारी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। क्लब से जुड़ी विज्ञान अध्यापिका रेखा देवी के कुशल संचालन में आयोजित इस सेमिनार में क्लब से जुड़े प्राध्यापक सतपाल सिंह, अनिल कुमार तथा अजय कुमार ने विभिन्न प्रभार संभाले।




रेवाड़ी। साइंस सेमिनार में उपस्थित बाल वैज्ञानिक एवं प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

### यह शिक्षक रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत मौलिक मुख्य अध्यापक सत्यपाल सिंह, रविंद्र कुमार, आनंद प्रकाश, प्रवीण कुमार, महेश कुमार, मंजू यादव, संतोष यादव, ममता यादव, अश्विनी कुमार, रेखा, पूनम कुमारी आदि ने अपनी-अपनी टीमों का कुशल मार्गदर्शन किया। विद्यालय तथा क्लब की ओर से प्राध्यापिका प्रियंका ने सभी का आभार ज्ञापित किया।